वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 245 मंगलवार 2 जनवरी 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## जयपुर में 180 केंद्र पर होगी सहायक आचार्य भर्ती परीक्षा

### 64 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी देंगे एग्जाम, 40 हजार पड़ोसी जिलों से होंगे शामिल

**जयपुर. कासं**

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से नए साल में भर्ती परीक्षाओं की शुरूआत 7 जनवरी से होगी। इस दिन कॉलेज शिक्षा के लिए सहायक आचार्य, लाइब्रेरियन और शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक भर्ती-2023 का आयोजन होगा। परीक्षा दोपहर 12 से 2 बजे तक होगी। राजधानी जयपुर में इसके लिए 180 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर 64 हजार 188 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इनमें से 24 हजार 546 अभ्यर्थी जयपुर के हैं, जबकि अन्य अभ्यर्थी पड़ोसी जिलों से परीक्षा देने जयपुर आएंगे। परीक्षा के दिन जयपुर में यातायात सुचारू बनाए रखना चुनौती होगी। आयोग ने कहा है कि परीक्षा से 3 दिन पहले प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। परीक्षा के निर्धारित समय से 60 मिनट पहले तक यानी 11 बजे तक ही केंद्र पर प्रवेश दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। आयोग ने इस परीक्षा के लिए संभाग स्तर पर 602 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। इन केंद्रों पर 1 लाख 97 हजार 959 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।



#### सबसे अधिक अभ्यर्थी सीकर रोड से आएंगे

इस दिन सबसे अधिक अभ्यर्थी सीकर रोड से आएंगे। इस मार्ग से सीकर, चूरू और झुंझुनूं के अभ्यर्थी जयपुर में परीक्षा देने आएंगे। इनकी संख्या करीब 25 हजार से ज्यादा है। साथ ही अलवर से 8 हजार 782, चूरू से 5 हजार 763, दौसा से 5 हजार 89, झुंझुनूं से 8 हजार 661 और सीकर से 11 हजार 347 अभ्यर्थी परीक्षा देने आएंगे।

#### परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी

जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) जयपुर, राजेंद्र शर्मा हंस ने बताया- जयपुर में सहायक आचार्य भर्ती कॉलेज शिक्षा की परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा के लिए ऑब्जर्वर और डिप्टी कॉर्डिनेटर लगाने का काम पूरा हो चुका है।

## सीएम ने ली डीजी-आईजी सम्मेलन को लेकर बैठक

### सीएम भजनलाल ने कहा,यह कार्यक्रम प्रदेश में आने वाले अधिकारियों के लिए यादगार होना चाहिए

**जयपुर. कासं**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को सीएमओ में 58वें डीजी-आईजी सम्मेलन की तैयारियों की दूसरी समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा- सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह सहित केंद्र और राज्यों के डीजी और आईजी हिस्सा लेंगे। सभी विभागीय अधिकारियों को आवास, सुरक्षा, परिवहन, खानपान, पर्यटन सहित छोटी-छोटी जरूरतों का विशेष ध्यान रखना है। सभी तरह की तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाए। इससे कोई परेशानी आगे नहीं आए। यहां आने वाले अधिकारियों के लिए यह सम्मेलन यादगार रहना चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सम्मेलन में जयपुर एयरपोर्ट से लेकर विधायक आवास, राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, पर्यटन स्थलों सहित सभी वीआईपी मार्गों पर तैयारियों का पूर्वाभ्यास किए जाने के साथ ही बैकअप प्लान तैयार रखें।

## जयपुर में 22 जनवरी को होगी दीपावली जैसी रोशनी

### 5 लाख दीपों से जगमग होगा शहर; प्रमुख चौराहों, मंदिरों के साथ बाजारों में होगी सजावट

#### सामाजिक संगठनों और व्यापार मंडल से लेंगे सहयोग

**जयपुर. कासं**

अयोध्या के राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभ अवसर पर जयपुर में दीपावली जैसी सजावट करवाई जाएगी। इस दिन पूरे शहर में प्रमुख चौराहों, सरकारी भवनों और मंदिरों में 5 लाख से ज्यादा दीप जलाए जाएंगे। निगम ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी है।

मंदिरों, प्रमुख सरकारी भवनों और चौराहों पर विशेष रोशनी (सजावट) की जाएगी। इसके लिए बाकायदा व्यापार मंडलों और सामाजिक संस्थाओं से बाजारों में रोशनी करने की भी अपील की जाएगी। नगर निगम ग्रेटर मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर ने नगर निगम की सभी समितियों के पदाधिकारियों और निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर इसकी तैयारियों की रूपरेखा तय की। उन्होंने इसके लिए 2 जनवरी से विशेष सफाई अभियान शुरू करने के निर्देश दिए। इसकी शुरूआत स्टेच्यू सर्किल से की जाएगी। मेयर ने बताया कि सबसे पहले जयपुर के प्रमुख चौराहों पर लगे महापुरुषों के स्टेच्यू और उनके आसपास की सफाई करके उन्हें स्वच्छ और सुंदर किया जाएगा। इसके बाद 3 जनवरी से प्रमुख धार्मिक स्थलों और उनके आसपास के एरिया में विशेष सफाई अभियान शुरू किया जाएगा। मेयर ने बताया कि पूरे जयपुर शहर में चलने वाले इस विशेष सफाई अभियान के लिए शहर के सभी व्यापार मंडलों, सामाजिक संगठनों और धर्मगुरुओं से सहयोग लिया जाएगा। इसके साथ ही व्यापार मंडलों और सामाजिक संगठनों से अपील की जाएगी कि वे अपने-अपने संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों पर 22 जनवरी के दिन विशेष रोशनी के जरिए सजावट करें।



#### चौराहों पर बनाई जाएगी रंगोली

महापौर ने बताया कि रामलला के आने में अभी 21 दिन शेष है। ऐसे में शहर में विशेष अभियान चलाकर गली, मोहल्लों की भी सफाई की जाएगी। इसके साथ ही 22 जनवरी को सभी प्रमुख चौराहों पर रंगोली बनाई जाएगी और दीये जलाए जाएंगे। धार्मिक स्थलों और सरकारी भवनों पर भी दीये जलाकर उन्हें जगमग किया जाएगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर शहर में कुछ जगहों पर सुंदरकांड के पाठ भी करवाए जाएंगे। इसके साथ ही मंदिरों में अन्य आयोजन और कुछ जगहों पर संगोष्ठियां भी करवाई जाएगी।

# नववर्ष 2024 के आगमन पर रैवासा में 2400 कलशों से हुए भगवान सुमतिनाथ के महामस्तकाभिषेक

## राजस्थान सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े जैन धर्मावलंबी। दांता रामगढ़ विधायक वीरेन्द्र सिंह, जिला परिषद सदस्य जयंत निठारवाल भी हुए कार्यक्रम में सम्मिलित



## दो असीमकालीन भक्तामर विधान सहित दिनभर हुए धार्मिक आयोजन

**सीकर. शाबाश इंडिया**

निकटवर्ती ग्राम रैवासा में स्थित श्री दिगंबर जैन भव्योंदय अतिशय क्षेत्र में प्रतिवर्ष की भांति नववर्ष के आगमन पर सोमवार को अतिशयकारी भगवान सुमतिनाथ के महामस्तकाभिषेक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक संजय बड़जात्या सीकर व विकास लुहाड़िया सीकर ने बताया कि कार्यक्रम के प्रारंभ में भगवान सुमतिनाथ की अतिशयकारी प्रतिमा के 2400 कलशों से महामस्तकाभिषेक हुए।इस महाआयोजन में विभिन्न स्थानों से आए जैन श्रावकों ने भगवान सुमतिनाथ के मस्तकाभिषेक कर नववर्ष की मंगलमय शुरूआत की। प्रबंध समिति ने बताया कि मस्तकाभिषेक में स्वर्ण कलश से अभिषेक करने का परम सौभाग्य रजत, सुनील, मुदित, तनिष्क कानुका परिवार जोधपुर को प्राप्त हुआ।मस्तकाभिषेक पश्चात प्रबंध समिति द्वारा समस्त पुण्यार्जक परिवारों का सम्मान व स्वागत किया।मस्तकाभिषेक पश्चात विश्व शांति के लिए वृहद शांतिधारा हुई।संयोजक जय कुमार बड़जात्या जयपुर व मनीष रारा ,पंकज दुधवा सीकर ने बताया कि शांतिधारा का सौभाग्य मनोज बज परिवार सीकर, नानगराम इंद्रचंद अनुभव सेठी परिवार सीकर को प्राप्त हुआ। द्वितीय शांतिधारा भाग चंद पंकज सुनील छाबड़ा दूधवा वाले , तृतीय शांतिधारा विमल कुमार मोहित झांझरी रेटा वाले व चतुर्थ शांतिधारा का सौभाग्य चंद्र प्रकाश अभिषेक कुमार अनुराग राहुल गोधा परिवार रेनवाल को प्राप्त हुआ।शांतिधारा पश्चात प्रबंध समिति द्वारा समस्त पुण्यार्जक परिवारों का सम्मान व स्वागत किया गया । विशेष कार्यक्रमों में इस नववर्ष दो सुमतिनाथ भक्तामर विधान हुए ।विधान का सौभाग्य जयकुमार देवेंद्र कुमार साहिल कुमार छाबड़ा परिवार सीकर व सीए पवन कुमार, उमा देवी, रुचि, एकता, अरुण, सुनीता जयपुर वाले परिवार को प्राप्त हुआ। क्षेत्र पर नववर्ष के आगमन पर दिनभर विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए। प्रवक्ता व संयोजक विवेक पाटोदी ने बताया कि रैवासा स्थित नसियां जी मंदिर में आर के मार्बल समूह किशनगढ़ परिवार द्वारा शांति विधान किया गया।इस अवसर पर किशनगढ़ से पधारी आर के मार्बल समूह की जैन समाज के भामाशाह, दानवीर, समाज शिरोमणि, जिनभक्त, गुरुभक्त समाजसेवी अशोक पाटनी की धर्मपत्नी सुशीला पाटनी का प्रबंध समिति द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर दोपहर दांतारामगढ़ विधायक वीरेन्द्र सिंह, जिला परिषद सदस्य जयंत निठारवाल भी भगवान सुमतिनाथ के दर्शनार्थ पधारे। कमेटी सदस्यों द्वारा उनका स्वागत सम्मान किया और क्षेत्र की जानकारी दी। इस अवसर पर सीकर, जयपुर, फतेहपुर, राणोली, जोधपुर, किशनगढ़, सूरत, बंगलौर सहित विभिन्न स्थानों से जैन धर्मावलंबी सम्मिलित हुए ।



# श्रीविश्वकर्मा सुथार एकता फोर्स की राज्य स्तरीय सक्रिय कार्यकारिणी

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय श्रीविश्वकर्मा सुथार एकता फोर्स की राज्य स्तरीय सक्रिय स्वयंसेवकों के कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमे उदयपुर संभाग से शंकरलाल जी सुथार को उपाध्यक्ष, मुकेश सुथार को आपातकालीन मंत्री, धीरज सुथार को संस्कृति एवं विरासत मंत्री तथा हरीश सुथार सलूंबर, मांगीलाल सुथार उदयपुर, प्रवीण सुथार उदयपुर, भंवरलाल सुथार मोवाई, रमेश सुथार पूचपुर, देवीलाल सुथार लोहारिया, मंथन सुथार गड़ा एकलिंग जी, राहुल सुथार बांसवाडा, छगनलाल सुथार सलूंबर, मोहनलाल सुथार चितौड़, शंभूलाल सुथार चितोड, भेरूलाल सुथार सरपंच चितौड़, तिलकेश सुथार राजसमंद को राज्य स्तरीय सदस्य नियुक्त किया गया।

# जैन परिज्ञा शिविर का समापन और तपस्वी अभिनंदन समारोह

**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया**

श्री अखिल भारतीय साधुमार्गी जैन संघ के नवम आचार्य 1008 श्री रामलाल जी म.सा.के संयम जीवन के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महतम महोत्सव के तहत भीलवाड़ा संघ के तत्त्वावधान में समता भवन काशीपुरी में आज दिनांक 01-जनवरी-2024 को पांच दिवसीय बालक बालिका का परिज्ञा शिविर धार्मिक संस्कार का समापन अध्यक्ष बलवंत रांका ,मंत्री पारस कुकड़ा शिविर सयोजक पूनम भूरा तथा मेवाड़ शिविर सयोजिका श्रीमती आशा मुलावत के साथ संपन्न हुआ ।शिविर समापन के प्रारम्भ में महिला मण्डल के द्वारा मंगलाचरण से शुरू हुआ कार्यक्रम के साथ करीब 63 बच्चो द्वारा पांच दिन में दिखे ज्ञान का अवलोकन गीत एवम नाटक के द्वारा प्रस्तुति दी गई जिसमे श्री श्रद्धा कटारिया का बहुत अच्छा सहयोग रहा ।रांका , कूकड़ा ने अपने विचार रखे तथा बाद में पूनम भूरा द्वारा शिविर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई ' शिविर समापन का संचालन आशा मुलावत और श्रुति द्वारा किया गया ' शिविर में पांच दिनो तक ज्ञानध्यान होगा।

## श्री पर्यावरण मित्र दिव्या कुमारी जैन 24 वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव नासिक (महाराष्ट्र) में भाग लेगी



**चित्तोड़गढ़. शाबाश इंडिया**

पर्यावरण संरक्षण व सामाजिक चेतना का अभियान चला रही पर्यावरण मित्र व नेशनल यूथ अवार्डी दिव्या कुमारी जैन 12 से 16 जनवरी 2024 तक नासिक ( महाराष्ट्र ) में आयोजित किये जा रहे राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेंगी। दिव्या कुमारी जैन ने बताया उसे सयुंक्त सचिव, युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय , युवा कार्यक्रम विभाग भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा युवा महोत्सव में आमंत्रित किया गया है ।इस आमंत्रण पर दिव्या ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि महोत्सव में भाग लेने से उसे नासिक महाराष्ट्र के साथ साथ पूरे भारत की संस्कृति को जानने व समझने का अवसर मिलेगा।

## विशाल पौष बड़ा प्रसादी का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** पूर्व महापौर जयपुर शहर ज्योति खंडेलवाल व शरद खंडेलवाल के संयोजन में डबल शंकर महादेव मंविशाल पौष बड़ा प्रसादी का आयोजन मंदिर विकास समिति जयपुर के तत्वावधान में विशाल पौष बड़ा प्रसादी का आयोजन 31 दिसंबर 2023 को किया गया। इस अवसर पर पूर्व जयपुर शहर अध्यक्ष संजय जैन व प्रमुख समाज सेवी और भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक आदर्श नगर विधानसभा प्रमोद जैन भँवर सहित जयपुर के अन्य गणमान्य व्यक्तियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया।

# त्रिनेत्र गणेशजी को दिया रंगरसिया-5 का निमंत्रण

### विद्याधर नगर स्टेडियम मे 8 से 11 मार्च को होगा आयोजन। कार्यक्रम के दौरान होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित अनेक आयोजन। अपने-अपने श्याम के अंतर्गत युगवक्ता डॉ. कुमार विश्वास सुनाएंगे "कृष्ण कथा"



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

विद्याधर नगर स्टेडियम आयोजन समिति के तत्वावधान में 8 से 11 मार्च तक विद्याधर नगर स्टेडियम में फागोत्सव रंगरसिया-5 का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के पोस्टर का विमोचन रणथंभौर स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर में हुआ। समिति पदाधिकारियों ने प्रथम पूज्य को आयोजन का पहला निमंत्रण दिया गया और कार्यक्रम के निर्विघ्न सम्पन्न होने की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर अनिल संत, रामस्वरूप शर्मा, दीपक गर्ग, लोकेश लक्ष्यकार, प्रदीप कविया और टिंकू राठौड़ उपस्थित रहे। समिति सचिव अनिल संत ने बताया कि इस चार दिवसीय कार्यक्रम में हास्य कवि सम्मेलन, होली धमाल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयाांजन किया जाएगा।

### डॉ. कुमार विश्वास सुनाएंगे कृष्ण कथा

संत ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान ही खाटू श्याम बाबा का लक्खी मेला है इसलिए तीन दिन तक फागोत्सव का कार्यक्रम होगा जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। रंगरसिया के तहत ही शाम 5 से 8 बजे तक अपने-अपने श्याम का आयोजन होगा, जिसमें युगवक्ता और प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास अपनी ओजस्वी वाणी से श्रोताओं को कृष्ण कथा सुनाएंगे।

### कार्यक्रम में भारी भीड़ होने की संभावना

संत ने बताया कि पूर्व में दशहरा मेले के दौरान आयोजित अपने-अपने राम में भी लोगों की अपार भीड़ हुई। मार्च में खाटू श्याम बाबा का लक्खी मेला होता है जिसमें देश-विदेश से बाबा के लाखों भक्त आते हैं। ऐसे में इस समारोह में अपार भीड़ होने की संभावना है जिसे देखते हुए कार्यक्रम में 50 से 60 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी।

### प्रतिदिन तीन चरणों में होगा कार्यक्रम

कार्यक्रम प्रतिदिन तीन चरणों में दोपहर, शाम और रात्रि को होगा। अपने अपने श्याम शाम 5 से 8 बजे तक होगा वहीं दोपहर और रात को कवि सम्मेलन, फूलों की होली, लट्ठमार होली, शेखावाटी होली धमाल, कॉमेडी नाइट सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

### शेखावाटी के कलाकारों द्वारा फागोत्सव

कार्यक्रम में शेखावाटी के कलाकार नृत्य के साथ राजस्थानी होली धमालों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेंगे। वहीं मथुरा और वृंदावन के कलाकारों द्वारा फागोत्सव के अंतर्गत सुमधुर बृज की होरियों के साथ फूलों की होली खेली जाएगी। बरसाना के कलाकार लट्ठमार होली से गुलाबी नगर के श्रद्धालुओं को रोमांचित करेंगे। हास्य कवि सम्मेलन में देश के ख्यातिप्राप्त कवि अपनी चुटीली रचनाओं से श्रोताओं को गुदगुदाएंगे।

### ऐतिहासिक होगा आयोजन

आयोजन के लिए शहर में अनेकों स्थानों पर तोरणद्वार बनाए जाएंगे। समिति पदाधिकारियों का कहना है कि ये जो फागोत्सव का आयोजन होगा वह ऐतिहासिक होगा। जयपुर में इस प्रकार का कार्यक्रम पहले कभी नहीं हुआ।




## वेद ज्ञान

# समाज सेवा करने की एक लगन होती है

हर आदमी के जीवन में किसी न किसी बात की लगन होती है। यह लगन समाज सेवा से लेकर किसी भी प्रकार की हो सकती है। स्वतंत्रा संग्राम के दौरान अनेक लोगों ने देश-प्रेम के चलते हंस-हंस कर प्राण गंवा दिए थे। अति यानी अधिकता नुकसानदेह होती है। किसी सीमा में रहकर यदि किसी प्रकार की लगन मन में लगा ली जाए तो यह जीवन को उमंगों से भर देती है। घर को, समाज या देश को बर्बाद कर देने वाले शौक अपने यहां वर्जित हैं। इनका त्याग स्वहित में भी जरूरी है। समाज है तो यहां लोग भी अनेक प्रकार के मिलेंगे। इन सबके शौक भी निश्चय ही अलग-अलग होंगे। यहां एक बात यह ध्यान देने योग्य है कि जो शौक सकारात्मक या रचनात्मक होते हैं, समाज उन्हें ही मान्यता देता है और लोग उसी की प्रशंसा भी करते हैं। जो शौक समाज में वर्जित हैं, जो विध्वंसात्मक हैं, जिनसे व्यक्ति या समष्टि को नुकसान पहुंचता है, उसका तुरंत परित्याग कर देना चाहिए। मुझे अच्छी तरह याद है कि एक असहाय और दीन व्यक्ति, जहां कहीं भी लावारिस लाशें देखता था, तुरंत लोगों से कुछ मांगकर उस लाश की अंत्येष्टि कर देता था। यह विचित्र प्रकार की लगन थी, लेकिन उसकी सोच सकारात्मक थी। समाज के लिए इसमें दया और करुणा का संदेश भी था। वह इस कर्म को भगवान की सेवा मानता था। उसके इस कार्य ने उसे सामान्य से खास व्यक्ति बना दिया, जबकि वह स्वयं लावारिस था। धरती उसका बिछौना और आसमान चादर था। उस व्यक्ति ने जीवन पर्यंत अपने इस शौक को जारी रखा। देश में अनेक लोगों ने अपने अच्छे शौकों के कारण बहुत ख्याति अर्जित की। चाहे वह विज्ञान का क्षेत्र हो या ज्ञान का। चाहे वह व्यक्ति का क्षेत्र हो या वैराग्य का। ज्ञानी को भगवान को जानने की लगन है तो वैज्ञानिक को मानवता की सेवा के लिए नए आविष्कारों की। इसी प्रकार भक्त भगवान के दर्शनों के लिए आतुर है तो विरागी त्याग को पराकाष्ठा पर पहुंचाने के लिए व्याकुल। भगवत चिंतन में मीरा और चैतन्य महाप्रभु इतने रम जाते थे कि नृत्य करने लगते थे। भगवान से उनकी लगन ही ऐसी थी।

## संपादकीय

# पहाड़ों पर बढ़ता पर्यटन सही के साथ घातक भी

हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड जैसे राज्यों में खूबसूरत प्राकृतिक दृश्यों का आनंद उठाने के लिए पहुंचे लोगों की संख्या में तेजी से हो रही बढ़ोतरी से आर्थिक मोर्चे पर लाभ तो हो रहा है, पर वहां की भू-संरचना एक तय सीमा में ही बोझ को बर्दाश्त करने की स्थिति में है। हिमाचल प्रदेश के शिमला में भारी तादाद में लोगों के पहुंचने को पर्यटन के लिहाज से एक अच्छी खबर के तौर पर देखा जा सकता है। यों भी पहाड़ों के बीच बसे तमाम इलाकों में पर्यटकों का जाना अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार रहा है, लेकिन क्या इसकी कोई सीमा है? पिछले कुछ वर्षों के दौरान जिस तरह हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड जैसे राज्यों में खूबसूरत प्राकृतिक दृश्यों का आनंद उठाने के लिए पहुंचे लोगों की संख्या में जिस तेजी से बढ़ोतरी हो रही है, उससे आर्थिक मोर्चे पर इन राज्यों को लाभ हो सकता है, मगर इस वजह से जैसे हालात पैदा हो रहे हैं, उससे इन इलाकों में बहुस्तरीय मुश्किलें ही पैदा होंगी। नए वर्ष का जश्न मनाने के मौके



पर मनाली सहित आसपास के कई इलाकों में पहुंचे लोगों और उनके हजारों वाहनों से सड़कों पर लगा लंबा जाम यही बताता है कि लोगों के भीतर घूमने की भूख तो पैदा हुई है, मगर वे इसके संतुलन के अलग-अलग पक्षों को समझने की जरूरत नहीं समझ रहे। कुछ दिनों के लिए किसी खूबसूरत प्राकृतिक स्थल की ओर जाने का क्या हासिल, अगर वहां पहुंची भीड़ ही एक मुसीबत का कारण बन जाए? दरअसल, भीड़भाड़ वाले शहरों और महानगरों में रहने वाले बहुत सारे लोगों को यह लगता है कि दिन-रात कामकाज और तनाव से राहत पाने के लिए उन्हें वादियों में बसे मनोरम इलाकों में जाना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्राकृतिक सौंदर्य से लैस पहाड़ी इलाकों में जाना सबके लिए सुकूनदेह साबित होता है लेकिन इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि प्रकृति की जिस खूबसूरती का सुख लेने लोग पहाड़ों की वादियों में जाते हैं, वही वजह उन इलाकों की प्राकृतिक संरचना के नुकसान पहुंचने की वजह बन रही है। यह किसी से छिपा नहीं है कि हिमाचल प्रदेश या उत्तराखंड जैसे राज्यों में बसे पर्यटन के लिहाज से सुंदर इलाकों में जाने वाले लोग अपने मुताबिक घूमते तो हैं, लेकिन इस क्रम में वहां के अनुकूल अपनी गतिविधियों को नियंत्रित नहीं रख पाते। इसमें अराजक तरीके से खुले स्थानों पर खानपान के बाद पानी के बोतल सहित अन्य कचरे जिस तरह फेंक दिए जाते हैं, वे समूचे पहाड़ी क्षेत्र में आज एक गंभीर समस्या बन चुके हैं। सवाल है कि इससे उपजे प्रदूषण की वजह से वे इलाके कब तक प्राकृतिक रूप से इतने सुंदर रह पाएंगे कि लोग वहां जाने को लालायित हों! इसके अलावा, कुछ खास महीनों में लोगों की बढ़ती भीड़ आज इन खूबसूरत, मगर नाजुक पहाड़ी स्थलों की मुसीबत बनती जा रही है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि मनाली, शिमला और नैनीताल जैसे कुछ इलाकों में पहले ही क्षमता से अधिक बोझ है। ऐसी खबरें आ चुकी हैं, जिनमें बताया गया है कि बढ़ती आबादी और पर्यटकों के बोझ की वजह से पहाड़ों पर बसा शिमला धीरे-धीरे धंस रहा है। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# सुरक्षा पर सवाल

हवाई अड्डों पर चौकस सुरक्षा व्यवस्था के दावे किए जाते हैं। खासकर दिल्ली के इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर जहां हर वक्त अतिविशिष्ट लोगों की आवाजाही रहती है, सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम हैं। फिर भी वहां से कोई आरोपी सुरक्षा बलों को चकमा देकर फरार हो जाए तो स्वाभाविक रूप से सवाल उठेंगे ही। बलात्कार का एक आरोपी दिल्ली हवाई अड्डे से केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यानी सीआइएसएफ और आव्रजन विभाग के कर्मचारियों को चकमा देकर चार सुरक्षा घेरों को पार करते हुए निकल भागा। विचित्र है कि इस घटना पर आव्रजन विभाग और सीआइएसएफ एक-दूसरे पर दोष मढ़ने में जुट गए। आव्रजन विभाग का कहना है कि उसने आरोपी को सीआइएसएफ के हवाले कर दिया था, जबकि सीआइएसएफ का तर्क है कि उसे औपचारिक रूप से आरोपी की गिरफ्तारी के बारे में नहीं बताया गया था। दरअसल, आरोपी के खिलाफ पंजाब पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए लुकआउट सर्कुलर जारी किया था। उसी के तहत आव्रजन विभाग ने आरोपी को पकड़ा और सीआइएसएफ को सौंप दिया। सीआइएसएफ कर्मी की लापरवाही से आरोपी निकल भागा। मगर यह समझ से बाहर है कि अगर किसी एक सिपाही की चूक के चलते आरोपी भागा, तो उस संवेदनशील क्षेत्र में बने बाकी के सुरक्षा घेरे में तैनात बलों का ध्यान उस पर क्यों नहीं गया। बताते हैं कि आरोपी खिड़की से कूद कर भागा था। फिर भी कैसे किसी सुरक्षाकर्मी की नजर उस पर नहीं गई। आंतरिक सुरक्षा का मामला केवल इंदिरा गांधी हवाई अड्डे से जुड़ा नहीं है। कुछ दिनों पहले ही संसद में दो युवाओं ने कूद कर दहशत फैलाने की कोशिश की। उसे लेकर आंतरिक सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में आए दिन सुरक्षाबलों के काफिले और चौकियों पर हमले हो जाते हैं। इसके बावजूद समझना मुश्किल है कि संवेदनशील प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह भरोसेमंद बनाने के व्यावहारिक उपाय क्यों नहीं जुटाए जाते अधिकार क्षेत्र और कानूनी औपचारिकताओं का पहलू अलग हो सकता है, मगर यह जानते-समझते हुए कि एक ऐसे आरोपी के पकड़ में आने के बाद, जिसे पुलिस तीन साल से तलाश रही थी, लापरवाही बरती जाए, तो सामान्य सुरक्षा के मामलों में उससे भला किस तत्परता उम्मीद की जा सकती है। दिल्ली देश की राजधानी है और यहां सुरक्षा के मामले में किसी भी तरह की चूक या लापरवाही किसी बड़ी वारदात का मौका दे सकती है। मगर वहां भी आए दिन हत्याएं और बलात्कार की घटनाएं दर्ज होती हैं। यह सुरक्षा इंतजाम में खामी नहीं तो और क्या है। जब दिल्ली की संवेदनशील जगहों, जम्मू-कश्मीर के आतंकवाद प्रभावित इलाकों, यहां तक कि संसद की सुरक्षा में लापरवाही देखी जा रही है, तो सामान्य नागरिक ठिकानों पर सुरक्षा इंतजामों को लेकर कितना भरोसा किया जा सकता है। लगभग सभी राज्य लचर कानून-व्यवस्था के चलते अपराधों पर नकेल कसने में विफल साबित हैं। स्त्रियों के खिलाफ हिंसा और यौन अत्याचार के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे। ऐसे में अगर बलात्कार का एक आरोपी सबसे सख्त पहरे से निकल भागने में कामयाब होता है और जवाबदेह विभाग परस्पर कानूनी दायरे की नुक्ताचीनी में उलझे देखे जाते हैं, तो इससे दूसरे अपराधियों का मनोबल बढ़ता ही है। आमचुनाव नजदीक हैं और उस दौरान सुरक्षा घेरे में चलने वाले लोगों की खुले में आवाजाही बढ़ेगी।

# नेत्र रोग से पीड़ितों को नववर्ष पर मिली आंखों की रोशनी...

## श्रीभूरालाल शोभागसिंह बाबेल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से आयोजित नेत्र चिकित्सा शिविर का समापन





**सुनील चपलोत. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। नेत्र रोग पीड़ितों के लिए नववर्ष की इससे बेहतर क्या सौगात हो सकती है कि श्रीभूरालाल शोभागसिंह बाबेल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से आयोजित शिविर से उनका दृष्टि दोष दूर हुआ ओर पुनः वह सामान्य दृष्टि प्राप्त कर अपना जीवन आसानी से बिता सकेंगे। नव वर्ष में सेवा की यह सौगात उनकी जिंदगी में सकारात्मक संदेश लेकर आएगी। ये विचार श्रीभूरालाल शोभागसिंह बाबेल चेरिटेबल ट्रस्ट भीलवाड़ा एवं जिला अंधता नियंत्रण सोसायटी द्वारा लॉयन्स क्लब वेलफेयर ट्रस्ट भीलवाड़ा के साथ मिलकर लॉयन्स क्लब भीलवाड़ा (सिटी) एवं श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस की राजस्थान महिला शाखा के संयुक्त सहयोग से आयोजित विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यरोपण शिविर के समापन समारोह में अतिथियों के उद्बोधन में उभर कर आए। श्रीभूरालाल शोभागसिंह बाबेल चेरिटेबल ट्रस्ट की ट्रस्टी एवं जैन कॉन्फ्रेंस राजस्थान महिला शाखा की प्रान्तीय अध्यक्ष श्रीमती नीता बाबेल ने बताया कि समापन समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी टी.सी.चौधरी थे। विशिष्ट अतिथि लॉयन्स क्लब के निवर्तमान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लॉयन दिलीप तोषनीवाल थे। उन्होंने बताया कि सवाईपुर में 28 दिसम्बर को लगे नेत्र जांच शिविर में 175 जनों की जांच के बाद चयनित 65 रोगियों के नेत्र सम्बन्धी ऑपरेशन भीलवाड़ा के सुभाषनगर स्थित लॉयन्स आई हॉस्पिटल में नेत्र चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा अत्याधुनिक फेको सर्जरी तकनीक से किए गए। भर्ती किए जाने वाले रोगियों के लिए भोजन, चश्में, दवाईयां, लैंस, बिस्तर व रोगियों को भीलवाड़ा लाने व ले जाने की व्यवस्था संस्थाओं द्वारा निःशुल्क की गई थी। ऑपरेशन के बाद शिविर के समापन पर रोगियों को काले चश्मे वितरित किए गए। समारोह में श्रीभूरालाल शोभागसिंह बाबेल चेरिटेबल ट्रस्ट भीलवाड़ा के अध्यक्ष ललितकुमार बाबेल, मंत्री महावीरकुमार बाबेल, कोषाध्यक्ष विकास बाबेल, संगीता बाबेल, ट्रस्ट के शिविर प्रभारी नाथुलाल छाजेड़, लॉयन्स क्लब भीलवाड़ा के अध्यक्ष अब्बास अली बोहरा, लॉयन्स आई हॉस्पिटल के अध्यक्ष आर.पी.बल्दवा, जेके बागडोदिया, राकेश पगारिया, विनोद मानसिंहका, रमेश बांगड़, सुरेन्द्र जैन, एसएन लड्ढा, लॉयन्स क्लब भीलवाड़ा सिटी अध्यक्ष कमलेश शाह, भानु जैन, जैन कॉन्फ्रेंस राजस्थान महिला शाखा की रजनी सिंघवी, सुनीता झामड़, रश्मि लोढ़ा, निलिष्का चपलोत, सवाईपुर के समाजसेवी श्यामसुंदर श्रोत्रिय आदि भी उपस्थित रहे। तथा नववर्ष पर ट्रस्ट की ओर से सभी रोगियों को उपहार प्रदान किए गए।

# विमर्श जागृति मंच का वार्षिक स्नेह सम्मेलन सम्पन्न




**अशोकनगर. शाबाश इंडिया।** सुप्रसिद्ध समाजसेवी संस्था विमर्श जागृति मंच के वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन रविवार को जी.के मैरिज गार्डन पर किया गया। अध्यक्ष अनूप बाबू ने बताया कि नववर्ष की पूर्व संध्या पर संस्था के वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन रविवार को किया गया। मंगलाचरण एवं विमर्श गीत का गायन पूजा देरखा ने किया। अतिथियों ने विमर्श सागर जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलन किया ।स्वागत भाषण राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सुभाष जैन कैंची बीड़ी ने दिया तथा संस्था की गतिविधियों,उद्देश्यों एवं लक्ष्यों की विस्तृत जानकारी दी तथा कहाकि हम संतवाद और पंथवाद से परे निष्पक्ष समाज सेवा में विश्वास रखते हैं। राष्ट्रीय प्रचार मंत्री एस के जैन ने उपयोगी जानकारी दी ।विमर्श जागृति महिला मंच की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति मोहरी एवं मंत्री रूबी जैन ने स्मृति भारत एवं वैशाली बाँझल का सम्मान किया। विमर्श जागृति मंच के पदाधिकारियों ने जैन समाज अध्यक्ष राकेश कांसल,तत्काल पूर्व अध्यक्ष रमेश चौधरी,महामंत्री राकेश अमरोद,कोषाध्यक्ष सुनील अखाई, थूबोंन जी क्षेत्र के महामंत्री विपिन सिंघई को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया । संचालन कर रहे जैन समाज के पूर्व उपाध्यक्ष महेंद्र कडेसरा ने संस्था माध्यम से सेवा का संकल्प दोहराया। मुख्य अतिथि राकेश कांसल ने संस्था के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज के लोगों की सहायता के लिए आप सभी प्रयास करें आपने समाज सेवा के क्षेत्र में और अधिक सक्रियता से कार्य करने का सुझाव दिया और कहाकि जैन पंचायत इसमें आपका पूर्ण सहयोग करेगी। संस्था के मंत्री संजय सिंघई ने कहाकि आगे भी हम और अधिक सक्रियता से कार्य करेंगें। अंत मे आभार महिला मंच प्रवक्ता स्मृति भारत ने भारत ने व्यक्त किया ।सदस्यों की सपरिवार भारी उपस्थिति में स्नेह भोज के साथ सम्मेलन सफल हुआ।



# नव वर्ष पर की भगवान शांतिनाथ की 108 स्वर्ण कलशों से शांतिधारा की

## 48 रजत दीप प्रज्जवलन करते हुए भक्तामर का पाठ किया

**साखना, टोंक. शाबाश इंडिया**



शांतिनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र साखना में नव वर्ष भक्ति भाव एवं हर्षोल्लास के साथ सोमवार को मनाया गया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रकाश सोनी एवं मंत्री प्यारचंद जैन ने बताया कि सोमवार को नववर्ष की शुभ बेला पर प्रातः भगवान शांतिनाथ का अभिषेक एवं 341 पुण्यार्जक श्रावक श्रेष्ठीयो के नाम के वाचन के साथ 108 स्वर्ण कलशों से भगवान शांतिनाथ, चंद्रप्रभु, शीतल नाथ की वृहद शांति धारा की गई महेंद्र कुमार विमल चंद दिनेश कुमार जितेंद्र कुमार अमित कुमार नंदू जैन बाहुबली जैन कैलाश चंद प्रदीप कुमार अनिल कुमार मनीष कुमार सहित सेकड़ो श्रद्धालुओं को शांतिधारा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। दोपहर में अतिशय क्षेत्र पर शांति मंडल विधान का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पंडित अंकित शास्त्री के सानिध्य में विधान की क्रियाएं प्रारंभ हुई जिसमें विधान की रचना कर मंडप शुद्धि, सकलीकरण, आचार्य निमंत्रण, एवम पांच मंगल कलशो की स्थापना की गई भगवान शांतिनाथ की भक्ति भाव के साथ पूजा करते हुए 156 अर्ध्य एवं श्रीफल समर्पित किए गए विधान में उपस्थित इंद्र इंद्राणियों ने भक्ति भाव के साथ भक्ति नृत्य किये इस अवसर पर प्रकाश सोनी प्यार चंद मनीष बज ज्ञानचंद टोनू जैन रानी सोनी सुनीता देवी रेशम देवी समता देवी इंदिरा देवी अनीता वेद बीना जैन आदि उपस्थित थे। कोषाध्यक्ष मनीष बज ने बताया कि शांति मंडल विधान पुण्यार्जक तथा प्रातः एवं सायंकाल भोजन पुण्यार्जक श्रावक श्रेष्ठी पदमचंद, ज्ञानचंद, सुरेश कुमार, महेंद्र कुमार, आनंद कुमार, रियांश कुमार बंसल परिवार नगर फोर्ट रहे कार्यक्रम में टोंक देवली जयपुर छान भरनी संथली टोडा मालपुरा दिल्ली आदि से श्रद्धालु पधारे। मीडिया प्रभारी राजेश अरिहंत ने बताया कि रविवार को नव वर्ष की पूर्व संध्या पर गुरुकुल के बालकों एवं श्रद्धालुओं द्वारा सायंकाल भगवान शांतिनाथ की 51 रजत दीपकों से महाआरती की गई गुरुकुल के बालकों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतिया दी गई। भक्तामर ग्रुप टोडारायसिंह द्वारा संगीतमय भक्तामर स्त्रोत ऋद्धि मंत्रो से 48 रजत दीप प्रज्जवलन करते हुए भक्तामर का पाठ किया गया रात्रि को भजन संध्या का आयोजन हुआ।

# श्री वीर जैन सोशल ग्रुप रामगंजमंडी ने नववर्ष 2024 के प्रथम दिन पदयात्रा का आयोजन किया

## रामगंजमंडी से अतिशय क्षेत्र कैथूली तक ऐतिहासिक पदयात्रा निकाली

**रामगंजमंडी. शाबाश इंडिया।** श्री वीर जैन सोशल ग्रुप रामगंजमंडी ने नववर्ष 2024 की शुरूआत एक रचनात्मक कार्य से की जो प्रेरणादायक है पिछले वर्ष की भाति इस वर्ष भी रामगंजमंडी से अतिशय क्षेत्र कैथुली तक लगभग 17 ` पदयात्रा निकाली। जिसमे लगभग 300 सदस्यों की मोजुदगी रही जिसमे बच्चे युवा बुजुर्ग हर कोई इस यात्रा मे मोजूद रहा। भीषण शीतलहर मे भी उत्साह मे कोई कमी नजर नहीं आई यह पदयात्रा श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर बाजार नंबर 1 से प्रातः 5.45 बजे आरभ हुयी सर्वप्रथम सभी ने प्रभु शांतिनाथ भगवान्‌के दर्शन किए इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष दिलीप विनायका मौजूद रहे। समूह अध्यक्ष सुनील अमिता सुरलाया के निर्देशन मे सभी को दुपटा पहनाया गया एवम जय जयकारो के बीच यह यात्रा आरभ हुयी भक्तिमय भजनों सभी यात्री श्रद्धा मे मग्न दिखाई दिए महावीर दिगम्बर जैन मंदिर पहुचने पर मंत्री पदम्‌सुरलाया ने सभी का तिलक लगाकर सम्मान किया वह इस पुनीत कार्य की अनुमोदना की जेसे यह यात्रा आगे बढती गई कारवा बढता दिखाई दिया एक और जहा आज भोतिकता चरम पर है ऐसे मे पिकनिक पार्टी मोज शोक मे युवा पीढ़ी लग जाती है ऐसे मे यह एक प्रेरणादायक उदाहरण है। समूह के सदस्यों ने यात्रा की उचित व्यवस्था की जिसकी सभी ने सराहना की वही जाखेटीया फार्म हाउस पर अल्पाहार रखा गया जिसका सोभाग्य कोटा निवासी केलाश चंद जैन, संजय जैन, अजय जैन को प्राप्त हुआ सभी पदयात्री भक्तिमय भजनों की धुनों पर झूमते नजर आए देखकर ऐसा लग रहा था मानो वातावरण भक्तिमय हो गया जेसे ही यह पदयात्रा अतिशय क्षेत्र की सीमा पर पहुची क्षेत्र कमेटी की ओर से सभी का स्वागत किया गया। जयकारों के बीच सभी ने पारसनाथ भगवान का अभिषेक किया। प्रथम अभिषेक एवम द्वितीय शांतिधारा का पुण्य लाभ सुरेंद्र कुमार, शुभम जैन सागर वालो को प्राप्त हुआ। प्रथम एवम द्वितीय शांतिधारा का पुण्य लाभ सुरेश कुमार सिद्धार्थ बाबरिया दौतड़ा वाला परिवार रामगंज मंडी को प्राप्त हुआ। इसी के साथ पांडुशिला पर प्रथम अभिषेक करने का पुण्य लाभ कैलाशचंद संजय टोंग्या को मिला एवं द्वितीय शांति धारा का पुण्य लाभ महावीर कुमार दीपक कुमार शाह परिवार रामगंज मंडी को प्राप्त हुआ। **-अभिषेक जैन लुहाड़ीया रामगंजमंडी**




# जनकपुरी जैन मंदिर में नव वर्ष पारिवारिक पूजन व युवाओं में सुसंस्कार के साथ मनाया





## युवाओं ने पांच पाण्डु शिलाओ पर की शांतिधारा

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जनक पुरी ज्योति नगर जैन मन्दिर में नव वर्ष का शुभारम्भ भगवान के दर्शन अभिषेक शान्तिधारा व भक्ति भाव से पारिवारिक पूजन व युवाओं में सुसंस्कार के साथ मनाया। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया की सोमवार को प्रातः नित्य अभिषेक व शांति धारा के बाद उपस्थित बालकों व युवाओ द्वारा पाँच पाण्डु शिलाओ पर अभिषेक व शांति धारा विधि विधान व बीजाक्षरों का अर्थ समझते हुए पंडित वीरेंद्र जैन शास्त्री के सानिध्य में की गई। मूल वेदी से पाँच जिन बिम्ब युवाओं द्वारा यंत्र सहित सिर पर रख कर झालर की टंकार व करतल ध्वनि के साथ पाण्डु शिलाओ पर विराजमान के लिए ले जाने का दृश्य मन मोहक लग रहा था। सभी द्वारा विनय पाठ आदि के बाद भक्ति भाव के साथ पूजन अष्ट द्रव्य से भावार्थ व शंका निवारण करते हुए की गई। जनक पुरी में नियमित चल रही पाठशाला के विद्यार्थियों सहित युवा मंच के सदस्यों ने आनन्दित भाव से भक्ति के साथ पूजन में भाग लिया। इसके पूर्व मध्य रात्रि में आचार्य समंतभद्र की तीर्थंकर गाथा वाचन के साथ नव वर्ष का आगाज किया गया।

# नववर्ष पर चिकित्सालय में वीरा द्वारा बेबी किट वितरण




**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया।** सबको प्यार सबकी सेवा जीवों और जीने दो के उद्देश्य से चलने वाली संस्था महावीर इंटरनेशनल संस्था वीरा द्वारा 1 जनवरी, 2024 सोमवार को स्वस्थ बच्चा स्वस्थ जंच्चा कड़ाके कि ठंड व मोसमी बीमारियों के बचाव हेतु हाईजेनिक बेबी किट राजकीय चिकित्सालय में सुबह नवजात शिशुओंको चिकित्सालय डाक्टर हरीश ढाका , डाक्टर, डाक्टर शिवपाल मुड़, आशा नर्स जोर्ली नर्स मंजू नर्स सानिध्य में सभी नवजाता शिशुओं को हाईजेनिक मडिकेटेड बेबी कीट व जंच्चा स्वास्थ्य लाभ ले रहे मरीजों को फल बिस्कुट वितरण किए। संस्था के अध्यक्ष वीरा सरोज पाटनी, सुनिता, कोमल गंगवाल, कविता अग्रवाल राखी, मंजु बड़जात्या, अनीता, काला, मनीषा, कल्पना पहाड़ियां, रामावतार गोयल सचिव वीर अजित पहाड़ियां, नरेश झाझरी सुरेश कुमार जैन ने वितरण कर सेवा कार्यों में सहयोग किया। संस्था के गवनिर्ग कोसिल मेम्बर वीर सुभाष पहाड़ियां ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# भगवान महावीर अहिंसा के अवतार थे...

## जैन मिलन ने महा मासिक मिलन का सफल आयोजन किया



**राघौगढ़. शाबाश इंडिया।** जैन मिलन परिवार द्वारा जैन समाज राघौगढ़ के तत्वावधान में विशाल स्तर पर महामासिक मिलन का आयोजन श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर राघौगढ़ पर किया गया। इस कार्यक्रम में जैन समाज के महिला पुरुष भारी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम में भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय कुमार जैन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा यह वर्ष हम अहिंसा के अवतार जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर के 2550 वे निर्वाण वर्ष के रूप में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मना रहे हैं। आपने कहा आज दुनिया में अशांति, अलगाववाद, आतंकवाद का जोर है, इन सब गंभीर चुनौतियों को भगवान महावीर के अहिंसा एवं अपरिग्रह सिद्धांत का पालन कर दूर कर सकते हैं। कार्यक्रम में भारतीय जैन मिलन द्वारा प्रकाशित पुस्तक भगवान महावीर और उनके संदेश का विमोचन अतिथियों द्वारा किया।शाखा अध्यक्ष जितेंद्र कुमार जैन ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ सामुहिक आरती एवं श्री भक्तामंर के पाठ से हुआ।इस अवसर पर जैन तांबोला प्रतियोगिता का आयोजन किया। महिला जैन मिलन की संरक्षक शांतिदेवी कठारी ने भगवान महावीर के जीवन चरित्र पर प्रेरणादायक भजन सुनाया।जैन मिलन के मंत्री विकास कुमार जैन ने उल्लेख किया हम निर्यातक मुनि पूज्य सुधा सागर के आव्हान पर हर वर्ष 31 दिसंबर को रात्री में सामुहिक धार्मिक आयोजन कर समाप्त हो रहे वर्ष को विदा करते हैं। साथ ही एक जनवरी को जैन मंदिर में भगवान का अभिषेक शांति धारा कर नये वर्ष का स्वागत करते हैं। आयोजन में जैन समाज राघौगढ़ के अध्यक्ष अजय कुमार रावत,राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री शीतल चंद कठारी, क्षेत्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक कुमार भारिल, राष्ट्रीय संयोजक प्रदीप कुमार जैन विशेष रूप से उपस्थित थे।

# भारतीय सड़कों पर जिम्मेदारी की भावना लाएगा हिट एंड रन बिल?



डॉक्टर सत्यवान सौरभ

हिट एंड रन मामले वे होते हैं जहां सड़क दुर्घटना का कारण बनने वाले वाहन का चालक घटनास्थल से भाग जाता है। भारतीय न्याय संहिता में लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण हुई मौत के लिए जेल की सजा को बढ़ाकर सात साल तक की जेल और जुमार्ना करने का भी प्रस्ताव किया गया है, जो गैर इरादतन हत्या की श्रेणी में आता है। आईपीसी की धारा 304ए के तहत मौजूदा प्रावधान, जो ''दो साल तक की जेल या जुर्माना या दोनों'' का प्रावधान करता है। ये प्रस्तावित प्रावधान गलती करने वाले ड्राइवरों के लिए निवारक साबित होने की संभावना है, जो अक्सर जुमार्ना देकर बच जाते हैं या कम जेल की सजा काटते हैं। वर्तमान में, हिट एंड रन मामलों में आरोपियों पर उनकी पहचान के बाद धारा 304ए के तहत मुकदमा चलाया जाता है और इसलिए वे ज्यादातर मामलों में मामूली सजा के साथ भी बच जाते हैं। धारा 104 (2) के तहत नए प्रावधान कोई लापरवाही से या गैर इरादतन हत्या की श्रेणी में आने वाले किसी भी व्यक्ति की मौत का कारण बनता है और घटना स्थल से भाग जाता है या घटना की रिपोर्ट करने में विफल रहता है। घटना के तुरंत बाद पुलिस अधिकारी या मजिस्ट्रेट को 10 साल तक की कैद की सजा दी जाएगी और इसके लिए उत्तरदायी भी होगा। हिट-एंड-रन मामला भारत में सड़क दुर्घटनाओं का एक आम मामला बन गया है। सरल शब्दों में, हिट-एंड-रन दुर्घटनाओं को एक ऐसे मामले के रूप में वर्णित किया जा सकता है, जहां एक व्यक्ति गाड़ी चलाते समय दूसरे वाहन को टक्कर मारता है और मौके से भाग जाता है। अपने वाहन से संबंधित सड़क दुर्घटना की रिपोर्ट करना ड्राइवर की आपराधिक और नागरिक जिम्मेदारी है। जैसे-जैसे भारत में हिट-एंड-रन के मामले बढ़ रहे हैं, मोटर वाहन अधिनियम को समझना आवश्यक है, जो हिट-एंड-रन दुर्घटनाओं में शामिल किसी भी व्यक्ति पर लगाए गए कानूनों की व्याख्या करता है। सड़क दुर्घटना के आंकड़े बताते हैं कि कैसे सड़कें हर किसी के लिए असुरक्षित जगह बन गई हैं। भारत में सभी सड़क दुर्घटनाओं में से 30 प्रतिशत से अधिक हिट-एंड-रन के मामले हैं, लेकिन हिट-एंड-रन दुर्घटना के केवल 10 प्रतिशत ड्राइवरों पर ही मामला दर्ज किया जाता है। दूसरे व्यक्ति की सुरक्षा के प्रति चिंता की कमी, लापरवाही से गाड़ी चलाना आम हैं। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में ऐसा कानून शामिल है जो हिट-एंड-रन दुर्घटना में शामिल व्यक्ति को कड़ी सजा देता है। हिट-एंड-रन की घटनाओं के पीड़ितों पर आईपीसी की धारा 279, 304ए और 338 लगाई जाती हैं। लापरवाही से गाड़ी चलाने और हिट एंड रन के मामलों में सरकारी आंकड़ों के अनुसार, चार वर्षों में भारतीय सड़कों पर हिट एंड रन के मामलों में कुल एक लाख से अधिक लोग मारे गए। आमतौर पर वर्तमान में पुलिस जांच अधिकारी आईपीसी से संबंधित धाराओं में प्रशिक्षित होते हैं और मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के बारे में शायद ही जानते हों। इसलिए यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि पुलिस अधिकारी एमवी अधिनियम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए इसके प्रावधानों को भी समझें।इ प्रस्तावित विधेयक में तेज गति से या लापरवाही से गाड़ी चलाने से मानव जीवन को खतरे में डालने या किसी अन्य व्यक्ति को चोट या चोट पहुंचाने की संभावना के लिए आईपीसी के समान प्रावधान को बरकरार रखा गया है। ऐसे अपराध के लिए छह महीने तक की जेल या 1,000 रुपये तक जुमार्ना या दोनों की सजा हो सकती है। यह सर्वविदित है कि भारत दुनिया के सबसे अधिक दुर्घटना-प्रवण देशों में से एक है, जहां लगभग 1,50,000 मौतें होती हैं, जो दुनिया भर में मोटर वाहनों से संबंधित सभी मौतों का 10% है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की पोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं भारत में होती हैं। यहां तक कि



सबसे अधिक आबादी वाला देश चीन भी इस मामले में हमसे पीछे है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार; भारत में हर साल लगभग 5 लाख सड़क दुर्घटनाएँ होती हैं, जिनमें लगभग 1 I5 लाख लोग मारे जाते हैं। जहां तक सड़क सुरक्षा का सवाल है, अनुशासन अनिवार्य है। अगर इसे सही भावना से लागू किया जाए, तो कानून न केवल कठोर दंड लगाकर सभी की सड़क आदतों को बदल सकता है, बल्कि नागरिकों में जिम्मेदारी की भावना पैदा करने का भी प्रयास कर सकता है। यह बिल के पारित होने के बाद एक कुशल, सुरक्षित और भ्रष्टाचार मुक्त परिवहन प्रणाली प्रदान करेगा। यदि इसके साथ ही कानून में ये भी हो अगर आम पब्लिक एक्सीडेंट के दौरान वाहन चालक के साथ मारपीट करती है तो उनको भी सजा हो। तब वाहन चालक इसकी गारंटी लेगा और केस में पीड़ित को अस्पताल तक पहुंचाएगा।

# रिश्तो की डोर को जोड़ता है स्नेह मिलन



**नागौर. शाबाश इंडिया।** नागौर के बड़ा आसन ग्राम में श्री भूचर नाथ महाराज के मंदिर प्रांगन आश्रम में आयोजित हुआ। सम्मेलन आयोजक पदमचंद गांधी नें बताया कि गांधी स्नेह मिलन रिश्तो की डोर को जोड़ता है।थांवला गांव का गांधी परिवार सातवीं पीढ़ी के श्री नथमल जी गांधी की छत्रछाया में फला फूला यह परिवार जिसकी शाखाएं आज पूरे देश में एवं विदेश में फैली हुई है चौथी पीढ़ी से लेकर आज तक सभी परिवार जन इस सम्मेलन में सम्मिलित हुए। यह परिवार विभिन्न क्षेत्रों में जैसे शिक्षा, औद्योगिक, तकनीकी, व्यापार एवं वाणिज्य, राजकीय क्षेत्र में सेवाएं तथा प्रोफेशनल में अग्रणी होकर अपना परचम फैला रहा है। मातृभूमि से ऐसा अनूठा जुड़ाव एवं भाईचारे की भावना से ओतप्रोत अपने रिश्तो की डोर को मजबूत करने एवं नई पीढ़ी को पौराणिक सौगात देने के लिए तथा ग्रामीण संस्कृति एवं प्रकृति की अनुपम छटा को विश्वसनीय एवं वीस्मरणीय बनाने बनाने की सौगात प्रस्तुत की है ' नव वर्ष को परिवार जनों के बीच अपनी मातृभूमि पर मनाने का एक अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया है ' ग्राम वासियों एवं अन्य उपस्थित गणमान्य लोगों ने इस कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की है तथा हर समाज में इस तरह के कार्यक्रम होने की प्रेरणा दी है' ऐसे कार्यक्रम हमारी संस्कृति को बचाने में संस्कार बढ़ाने में मददगार हो सकते हैं ' इस मोके पर परिचय, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामजिक व धार्मिक विचार धारा पर चिंतन करते हुए सम्मेलन का आगाज करते हुए नव वर्ष को भारतीय संस्कृति से मंगलमय एवं हर्ष उल्लास के साथ मनाया।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# दुर्गापुरा में नववर्ष 2024 पर अभिषेक शांतिधारा



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्रप्रभ जी ट्रस्ट दुर्गापुरा जयपुर द्वारा आयोजित नववर्ष कार्यक्रम में दुर्गापुरा जैन मंदिर में सोमवार दिनांक 01.01.2024 को प्रातः काल भगवान चन्द्रप्रभजी के अभिषेक एवं शांतिधारा भक्ति भाव से पंडित दीपक शास्त्री ने मंत्रोच्चार से कराया। ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश चन्द जैन चांदवाड़ एवं मंत्री राजेन्द्र कुमार जैन काला ने बताया कि प्रथम अभिषेक शांतिधारा श्रावक श्रेष्ठी जी. सी. जैन बड़जात्या परिवार ने कर पुण्यार्जन प्राप्त किया मुकुट माला पहनाकर ट्रस्ट द्वारा हार्दिक स्वागत किया गया। नववर्ष 2024 के पावन दिवस पर प्रथम अभिषेक शांतिधाराकर्ता परिवार को बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। भगवान चन्द्रप्रभजी की असीम कृपा आपके परिवार पर बनी रहे। वर्ष 2024 मंगलमय हो। इसी मंगल भावना के साथ आभार प्रकट किया। 25 पुण्यार्जक परिवारों के नाम भी शांति धारा में उच्चारित किए गए सभी का मुकुट माला पहनाकर स्वागत किया गया एवं सभी ने अभिषेक कर पुण्यार्जन प्राप्त किया।

# ग्राहक के सम्मान में स्नेहेमिलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**नरेश सिगची. शाबाश इंडिया**

रावतसर। नव वर्ष की पूर्व संध्या पर स्थानीय विशाल ज्वेलर्स के द्वारा अपने ग्राहकों के सम्मान में चांद फर्नीचर के शोरूम परिसर में एक स्नहे मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशाल ज्वेलर्स संचालक सुभाष सोनी तथा करण सोनी के द्वारा कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथियों सहित ग्राहकों का सम्मान किया गया। इस मौके पर लकी ड्रा भी निकला गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार मोटरसाइकिल पीलीबंगा निवासी सौरभ कुमार को निकला है। वहीं दूसरा पुरस्कार वाशिंग मशीन मोधुनगर ओमप्रकाश को निकला है। 10 हजार नगद का पुरस्कार दर्शना महंत को निकला है। इसके अलावा एलईडी व चांदी के सिक्के सहित अन्य पुरस्कार ग्राहकों को निकले। जो मौके पर दिए गए। इस मौके पर महंत प्रेमनाथ डेरे के महंत बाबा बालक नाथ,एडवोकेट उमेश शर्मा,सोनी समाज अध्यक्ष गोकुल सोनी साहित्यकार रूप सिंह राजपुरी,हास्य कलाकार मदन पेंटर, भामाशाह मुन्नाभाई व किन्नर समाज प्रधान बहन दर्शना महंत मौजूद रही।

# एक लाख 11हजार दीपकों से होगी राम लला की महाआरती



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर श्रीधर्म फाउंडेशन ट्रस्ट एवं जयपुर व्यापार महासंघ के संयुक्त तत्वाधान मे 22जनवरी अल्बर्ट हाल पर एक लाख 11हजार दीपकों से होगी राम लला की महाआरती की जाएगी। श्रीधर्म फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष सुधीर जैन एवं जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल ने बताया कि सम्पूर्ण रामनिवास बाग को अयोध्या नगरी का स्वरुप दिया जाएगा और पुरे जयपुर मे 11लाख दीपक जलाकर दीपावली पर्व मनाया जाएगा। श्रीधर्म फाउंडेशन ट्रस्ट के महा सचिव गब्बर कटारा,मुख्य कार्यकारी अधिकारी एमएल सोनी और ट्रस्ट सचिन गुप्ता ने बताया कि श्रीराम मंदिर का हूबहू प्रतिरूप मुख्य आकर्षण रहेगा। इस दौरान सभी गणमान्य रामभक्त महा आरती मे शामिल होंगे। भव्य शोभायात्रा सहित मशहूर भजन गायक प्रस्तुति देंगे। इस आयोजन में लगभग 50हजार से अधिक रामभक्तों के शामिल होने का कि सम्भावना है। सलाहकार जेडी माहेश्वरी ने बताया कि पूरे जयपुर के मंदिरों व मुख्य मार्गो पर होर्डिंग लगाए जाएंगे। कार्यक्रम मे सभी साधु संतो को एवं माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल, उप मुख्यमंत्री प्रेम कुमार बैरवा सहित केबिनेट मंत्रियो को आमंत्रित किया गया है।

# संस्कारवान अपने इष्ट को याद करते हैं: ब्र.अनीता दीदी



**मनोज नायक. शाबाश इंडिया**

मुरैना। पाश्चात्य सभ्यता के वशीभूत होकर वर्तमान में लोग नववर्ष की पार्टी करते हैं, होटलों में जाते हैं। उन पार्टियों में धन तो खर्च करते ही हैं, अनेतिक कार्य भी करते हैं। कुछ लोग तो शराब आदि नशीले मादक पदार्थों का सेवन कर अश्लील डांस आदि भी करते हैं। वहीं दूसरी ओर धार्मिक प्रवृत्ति के संस्कारवान लोग अपने अपने इष्टदेव की भक्ति में लीन रहकर, उनका भजन, पूजन कर बीते वर्ष की विदाई और नववर्ष का स्वागत करते हैं। उक्त उद्गार ब्रह्मचारिणी बहिन अनीता दीदी ने ज्ञानतीर्थ में 2023 की विदाई एवम नववर्ष के आगमन पर एक शाम गुरुवर के नाम कार्यक्रम में व्यक्त किए। ए. बी. रोड हाइवे पर स्थित श्री दिगम्बर जैन ज्ञानतीर्थ क्षेत्र जैन मंदिर में कड़कड़ाती सर्दी में भी श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ रहा था। ज्ञानतीर्थ का हॉल गुरुभक्तों से खचाखच भरा हुआ था। 31 दिसम्बर 2023 की विदाई एवम नववर्ष 2024 के आगमन के पावन अवसर पर पूज्य गुरुदेव सराकोद्धारक आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज के श्रीचरणों में गुरुभक्त एकत्रित हुए थे।

# थूवोनजी में एक हजार दीपों से महाआरती कर नववर्ष का किया आगाज






## हजारों भक्तों ने भक्तामर महाआराधना में रिद्धि मंत्रों से किया दीप प्रज्जवन

**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

मध्य भारत के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी में भगवान आदिनाथ स्वामी के दरवार में भगवान जिनेन्द्र देव की महा आराधना रूप श्री भक्तावर जी का रिद्धि मंत्रों के करते हुए नववर्ष पर एक हजार आठ जगमग दीपों से भगवान की महा आरती के पहले विशाल रांगोली सजाई गई जिस पर एक हजार आठ दीपों को सजाकर संगीत के साथ श्री दिगम्बर जैन युवा वर्ग के संयोजक में दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी द्वारा की गई।

## भारतीय संस्कृति के अनुसार किया नये वर्ष का किया स्वागत

इस दौरान मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि यद्यपि नववर्ष को हम नहीं मनाते फिर भी कुछ तो होता ही है ऐसे मे निर्यापक श्रमणमुनि पुंगव श्रीसुधासागर जी महाराज की प्रेरणा से दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी में युवा वर्ग संरक्षण शैलेन्द्र श्रागर के मधुर भजनों के साथ हम नव वर्ष की अगवानी करने जा रहे हैं रिद्धि सिद्धि को देने वाले रिद्धि मंत्रों से यहां दीपों का प्रज्वलन होगा महामंत्री विपिन सिंघई ने कहा कि गत वर्ष की यादों को विदा किया।

## मुख्य पात्र को कमेटी ने किया सम्मानित

इस दौरान दीपोत्सव के मुख्य पात्र के रूप में प्रमोद जैन मुख्य यजमान कैलाश चन्द्र प्रतापगढ़ राजस्थान प्रथम श्रावक श्रेष्ठी विनोद कुमार अंकित जैन सन्तूरा दिव्तीये श्रावक श्रेष्ठी डॉ पंकज जैन अमरोद परिवार ने सौभाग्य प्राप्त किया जिसका सम्मान कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टिंगू मिल उपाध्यक्ष राकेश अमरोद महामंत्री विपिन सिंघई मंत्री विनोद मोदी राजेन्द्र हलवाई कोषाध्यक्ष सौरव वाझल आडिटर राजीवचन्देरी ने किया इसके साथ ही युवा वर्ग संरक्षण शैलेन्द्र श्रागर युवा वर्ग अध्यक्ष सुलभ अखाई सचिन जैन के साथ रांगोली सजानेवाले विनीतजैनपऊआ का भी सम्मान किया गया।

## विशाल रांगोली सजाकर दिया भाईचारे का संदेश

नववर्ष के आगमन के पहले ही शाम से युवा वर्ग के कार्यकताओं द्वारा विनीत जैन पऊआ के साथ मिलकर भाईचारे का संदेश देते वाली विशाल रंगोली सजाई गई इसके साथ ही संगीत के साथ श्री भक्तावर पाठ रुप भगवान की महा आराधना में एक एक दीपों का समर्पण एक एक रिद्धि मंत्रों के साथ भक्ति भाव पूर्वक भक्तो दारा नृत्य गान करते हुए भक्त लेकर आ रहे थे और दीप प्रभु चरणों में समर्पित कर रहे है मध्यरात्री में नवीन वर्ष के आगमन पर भगवान के दिव्य दरवार में एक हजार आठ दीपों को प्रज्वलन सैकड़ों भक्तों ने भगवान की जय जय कार करते हुए किया इसके बाद भगवान की महा आरती की गई इस दौरान युवा वर्ग के संरक्षण शैलेन्द्र श्रागर युवा वर्ग अध्यक्ष सुलभ अखाई सचिन जैन विशाल रांगोली सजाने वाले विनीतजैन पऊआ का सम्मान कमेटी द्वारा किया गया।

# कबीर पंथ आश्रम में भोजन प्रसादी कार्यक्रम का आयोजन हुआ अस्पताल में हुआ फल वितरण

**अजय जैन. शाबाश इंडिया**

अम्बाह। शहर की अग्रणी समाजसेवी राबिया किन्नर द्वारा युवा समाजसेवियों के साथ नगर के कबीर आश्रम पहुंचकर आयोजित सत्संग कार्यक्रम में भाग लिया और इस मौके पर सभी साधु संतों को भोजन वितरित कर उन्हें गर्म वस्त्र भेंट किये इसके साथ ही अस्पताल में फल वितरण एवं भोजन प्रसादी कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान राबिया किन्नर ने कहा कि संतों की सानिध्य में मन को प्रसन्नता मिलती है और आत्म ज्ञान हासिल होता है इस दौरान सत्संग कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ भी दिलाई गई इसके साथ ही राबिया किन्नर ने अस्पताल में पहुंचकर जच्चा बच्चा वार्ड सहित कुपोषण वार्ड, सामान्य वार्ड में मरीजों को फल वितरण किये और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली इस मौके पर राबिया के सभी के स्वस्थ रहने के लिए परमपिता परमात्मा से प्रार्थना भी की।



# विवेक विहार जैन समाज द्वारा नव वर्ष की पूर्व संध्या पर भक्ति संध्या का आयोजन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**





विवेक विहार जैन समाज द्वारा नव वर्ष की पूर्व संध्या पर मंदिर परिसर में भक्ति संध्या का आयोजन पिछली वर्ष की भांति नए प्रयोग और नवाचार के रूप में किया गया। समाज के अध्यक्ष अनिल जैन आईआरएस और संयोजक दीपक सेठी ने बताया कि इस तरह का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य समाज के नवयुवकों को और अन्य लोगों को पाश्चात्य संस्कृति को अंधाधुंध अनुकरण न करने और उनके द्वारा क्लब व होटलों में देर रात्रि तक आयोजनों में शामिल होने के बजाय धार्मिकता और संस्कारिता के भक्ति संध्या के इस आयोजन में शामिल होकर भारतीय संस्कृति और नैतिकता की ओर प्रेरित करने के लिए किया गया। इस अवसर पर सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपाल शर्मा और पार्षद पवन शर्मा भी इस आयोजन में शामिल हुए।समाज के मंत्री सुरेंद्र पाटनी, सह मंत्री नरेश जैन मेड़ता, उपाध्यक्ष भागचंद पाटनी, अरुण रावका व अन्य लोगों ने नवनिर्वाचित विधायक गोपाल शर्मा का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। विवेक बिहार समाज अध्यक्ष पूर्व प्रिंसिपल कमिश्नर इनकम टैक्स अनिल जैन, आईआरएस ने अपने स्वागत भाषण में सिविल लाइंस क्षेत्र के कर्मठ, जोशीले तथा मिलनसार विधायक गोपाल शर्मा जी का स्वागत करने के साथ-साथ आभार भी व्यक्त किया कि आप नव वर्ष की पूर्व संध्या पर हमारे इस मंदिर प्रांगण में पधारे और हमारे द्वारा नव वर्ष की पूर्व संध्या पर किए जा रहे नवाचार पूर्ण भक्ति संध्या के आयोजन का भरपूर समर्थन किया और आनंद लिया।इस अवसर पर विधायक गोपाल शर्मा जी व्यक्तिशः सभी लोगों से मिले और उनका अभिवादन स्वीकार किया।अपनी सरलता का परिचय देते हुए उन्होंने समाज की वरिष्ठ एवं वृद्ध महिला श्रीमती त्रिलोकमती जैन के चरण छूकर उनको आशीर्वाद देने के लिए आग्रह किया। गोपाल शर्मा ने अपने उद्बोधन में जैन धर्म के पांच सिद्धांतों का जिक्र कर जैन समाज के लोगों में जीव दया, सुसंस्कार और सहनशीलता के गुणो का समावेश जैन धर्मावलंबियों की जीवन शैली में होने के लिए उनकी प्रशंसा की।जैन धर्म में इंद्रियों पर विजय पाने के बारे में जोर दिए जाने की विशेषता के गुणो को बताते हुए उन्होंने जैन धर्म और जैन मुनि-साधुओं की भूरी- भूरी प्रशंसा की। इस आयोजन में महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सरला बगड़ा तथा समाज के सभी गणमान्य व्यक्तियों व कार्यकारिणी सदस्यों पदम पाटनी, नरेंद्र निखार वाले, अरुण पाटनी, अरविन्द जैन अधीक्षण अभियंता, पी डब्लू डी, पंकज रारा, महेश जैन, सौरभ लुहाडिया, आशीष शाह ,राजमती जी पाटनी, मैना कासलीवाल, शशि जैन, आर पी एस ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। समाज के सभी व्यक्तियों ने इस भजन संध्या में सुप्रसिद्ध गायक कलाकार संजय जैन के भजनों पर भाव विभोर होकर भगवान की भक्ति की। समाज के सह मंत्री नरेश जैन ने कार्यक्रम का संचालन बहुत ही कुशलतापूर्वक किया।

## सांगानेर चित्रकूट जैन मंदिर में नववर्ष पर हुए कई आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सांगानेर चित्रकूट जैन मंदिर में नववर्ष के अवसर पर विभिन्न कार्यकम आयोजित किए गए। सांगानेर चित्रकूट जैन मंदिर में हुआ महोत्सव में मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष केवल चंद जैन, मंत्री अनिल बोहरा, मीडिया प्रभारी दीपक जैन पहाड़िया ने बताया कि नववर्ष की संध्या पूर्व विशेष संगीतमय भक्तांमर अर्चना दीप अर्चना का आयोजन हुआ। नववर्ष की बेला पर प्रातः मूलनायक भगवान महावीर के पंचामृत अभिषेक हुआ ।मध्याह्न में मंदिर में राष्ट्र गौरव गणिनी आर्यिका भारतेश्वरी मति माता जी ससंघ सानिध्य में ऋषि मंडल विधान का संगीतमय आयोजन हुआ , महोत्सव का कार्यक्रम विधिवत रूप में समाज जन उपस्थित हुआ।

## टिकटोली के बार्षिक मेले में श्रीजी का विमान निकालकर कर किया भगवान शांतिनाथ का महामस्तिकाभिषेक



**जौरा. शाबाश इंडिया।** टिकटोली दूमदार में सोमवार को हुआ वार्षिक मेले का आयोजन ।जौरा क्षेत्र से सटे भगवान शांतिनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र टिकटोली दूमदार में प्रतिबर्ष की भांति सोमवार को एक दिवसीय वार्षिक मेले का आयोजन किया इस दौरान भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा के साथ विमान निकाला गया एवं भगवान शांतिनाथ का महामस्तिकाभिषेक कर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए वार्षिक मेले में लगभग पांच सैकड़ा धर्मावलंबी शामिल हुए। बता दें कि श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र प्रबंधन न्यास द्वारा प्रतिवर्ष नए बर्ष के पहले दिन जैन मुनियों के पावन सानिध्य व विद्वान शास्त्रियों की मौजूदगी में एक दिवसीय वार्षिक मेले का आयोजन किया जाता है इसी क्रम में सोमवार को मेले का आयोजन किया गया कार्यक्रम सुबह मूलनायक श्री शांतिनाथ भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा पूजन कार्यक्रम के साथ शुरू किया गया जिसके बाद शांति विधान,सांस्कृतिक कार्यक्रम ध्वजारोहण एवं श्रीजी विमान निकाला गया तदोपरांत चित्र अनावरण व दीप प्रज्वलन कर यंग विंग जैन फाउंडेशन के नव निर्वाचित पदाधिकारियों सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह किया जाकर श्री शांतिनाथ भगवान का महामास्तिकाभिषेक किया गया। इसके बाद साधर्मी बंधुओं के लिए भोजन व्यवस्था भी आयोजन समिति द्वारा की गई थी ।टिकटोली दूमदार स्थित जैन अतिशय क्षेत्र चारो तरफ हरियाली और झरनों से घिरे प्रकृति के सुंदर नजारों से सराबोर होकर श्रद्धालुओ के साथ पर्यटकों के लिए बारिश के दिनों में धर्म साधना के साथ पिकनिक स्पॉट के रूप में भी जाना जाता है। मेले का आयोजन श्री यंग दिगंबर जैन फाउंडेशन मुरैना व अतिशय मित्र मंडल टिकटोली जौरा के सहयोग से संपन्न किया गया।

# लोकोदय तीर्थक्षेत्र पर हुआ सात दिवसीय 24 समवशरण श्री कल्पद्रुम महामन्डल विधान का शुभारंभ



**आगरा. शाबाश इंडिया**

1 जनवरी 2024 से 7 जनवरी के मध्य आयोजित होने वाले सात दिवसीय विधान में आगरा वासियों ने आगरा मथुरा नेशनल हाईवे स्थित अन्तर्राष्ट्रीय लोकोदय तीर्थक्षेत्र की भूमि पर सर्वप्रथम प्रभु के अभिषेक शांतिधारा करने का अवसर मिला। निर्यापक मुनिपुंगवश्री सुधासागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में 1 जनवरी को होने वाले लोकोदय तीर्थ के भूमि पूजन और शिलान्यास से पूर्व प्रभु भक्ति का अदभुत नजारा देखने को मिला। निर्यापक मुनिपुंगवश्री ससंघ के सानिध्य और बाल ब्रह्मचारी प्रदीप भैया जी सुयश के निर्देशन में भक्तों ने प्रभु का अभिषेक और शांतिधारा कर स्वकल्याण की भावना भायी। इस दौरान पूरा प्रांगण शुभमंत्रों से गुंजायमान था। प्रभु के अभिषेक और शांतिधारा करने के बाद भक्तों ने मुनिवर का पाद प्रक्षालन कर अपने कर्मों की निर्जरा की। जिसके बाद मुनिवर ने लोकोदय तीर्थ के भूमि पूजन से पूर्व इस धरा पर अपनी दिव्य देशना दी। मुनिवर ने कहा कि 1 जनवरी तो हर साल आता है, लेकिन इस साल का पहला दिन इतिहास रच रहा है। गुरुवर की मंगल प्रेरणा से शुरू हुए वर्ष 2024 की मांगलिक गतिविधियों के साथ लोकोदय तीर्थ की प्रारम्भिक क्रियाओं को भी सम्पादित किया गयो जिसमें सर्वप्रथम श्री नागालैंड से पधारे निर्मल झांझरी द्वारा ध्वजारोहण की मांगलिक क्रिया सम्पन्न की गई। आज श्री निर्मल मोठ्या जी एवं हीरालाल बैनाड़ा जी ने तीर्थक्षेत्र भूमि पर 1008 कलशों में आयी सम्मेद शिखर माटी से शुद्धीकरण हुआ' सम्मुख चित्र अनावरण आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज जी का अनावरण और दीपप्रज्जवलन किया गया' मंगल कलश स्थापना राजेश जैन-रजनी सेठी गया वाले, अखिल जैन, निर्मल मोठ्या, निरजी जी कमला नगर वाले, अमित जैन बॉबी ने किया। बाल ब्रह्मचारी प्रदीप भैया जी के सानिध्य कल्पद्रुम मन्डल विधान का पहले दिन आज घटयात्रा निकाली गयी और भक्तगण भक्ति से बैंडबाजों के साथ झूम रहे थे ' इसके बाद विनय पाठ, पूजा पीठिका, नव देवता पूजा के पश्चातध्वजभूमि, कल्पभूमि एवं भवनभूमि पूजा के अंतर्गत इंद्र-इंद्राणियोंके समूह द्वारा विधान मंडल पर अष्टद्रव्य, श्रीफल युक्त शताधिकअर्ध्य समर्पित किये गए ' देश के विभिन्न प्रांतों से आए हजारों भक्तों ने भाग लिया। इस मौके पर धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। नववर्ष पर सोमवार का दिन जैन धर्मावलंबियों के लिए बेहद खास रहा



' आगरा की बालिका मण्डल ने मंगलाचरण का शुभारम्भ किया गया ' कार्यक्रम का संचालन मनोज जैन ने किया' देशभर के श्रद्धालुजनों को मुनिश्री की भक्ति में लीन थे इस अवसर पर प्रदीप जैन, मनोज जैन बाकलीवाल, नीरज जैन जिनवाणी, निर्मल मोठ्या, प्रदीप जैन शास्त्री भैया जी, पन्नालाल बैनाड़ा, हीरालाल बैनाड़ा, राजेश सेठी, अमित जैन बॉबी, राजेश जैन गया वाले, राजेश बैनाड़ा, विवेक बैनाड़ा, पंकज जैन, अनिल जैन शास्त्री, रुपेश जैन शास्त्री, उत्तम चंद जैन, पंकज जैन, यतीन्द्र जैन, शैलेंद्र जैन, चक्रेश जैन मीडिया प्रभारी शुभम जैन, राहुल जैन, अनिल जैन, नरेश जैन, समस्त हजारों की संख्या में आगरा सकल जैन समाज मौजूद रहा।

**रिपोर्ट : शुभम जैन**

# छीपीटोला में आयोजित हुई श्री भक्तमर महाकुंभ दीप महाअर्चना एवं भजन संध्या



**आगरा. शाबाश इंडिया।** नववर्ष के अवसर पर आगरा के छिपीटोला स्थित पारसनाथ में भावलिंगी संत श्रमणाचार्य श्री विमर्श सागर जी महाराज ससंघ एवं गणिनी आर्यिका श्री आर्षमति माताजी ससंघ के मंगल सानिध्य एवं ज्ञानार्ष भक्त परिवार के तत्वावधान में नववर्ष की पूर्व बेला पर श्री 1008 भक्तामर महाकुंभ दीप महाअर्चना एवं एक शाम गुरुवर के नाम भजन संध्या का आयोजन बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ किया गयो भक्तों ने महाअर्चना का शुभारंभ गणाचार्य श्री विरागसागर जी महाराज एव समाधिस्थ आचार्यश्री ज्ञानसागर जी महाराज के चित्र का अनावरण एव दीप प्रज्वलन के साथ कियो साथ ही बाहर से पधारे गुरुभक्तों ने आचार्यश्री एवं गुरुमां का पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंटकर कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त कियो इसके बाद शाम 5:00 बजे से आचार्यश्री एवं गुरुमां के सानिध्य एवं विधानाचार्य शशि जैन शास्त्री एवं पंडित विजय जैन शास्त्री के कुशल निर्देशन में संगीतमय 48 काव्यों का वाचनकर 48 परिवारों द्वारा 48 मांडले पर 48 दीपक अर्पित कर श्री भक्तमर महाकुंभ दीप अर्चना की मांगलिक क्रियाएं संपन्न कौ महाअर्चना में मौजूद सभी भक्तों ने श्रीजी के प्रति नृत्य कियो इसके पश्चात रात 8:30 बजे से प्रख्यात सिंगर विक्की पारिख द्वारा एक शाम गुरुवर के नाम भज़न संध्या आयोजित की गई जिसमें उन्होंने एक से बढ़कर एक जैन सुंदर भक्ति भजनों की प्रस्तुति दी जहां बड़ी संख्या में भक्तों ने भजन गायक विक्की जैन पारिख के मधुरं भजनों पर झूमकर नृत्य प्रस्तुत कियो इस अवसर पर प्रवेश जैन, मोहित जैन मुरैना, सोनू जैन मुरैना, संजय जैन कलकाता वाले, दीनाबाबू जैन, प्रवीन जैन नेताजी, मोनू जैन, मीडिया प्रभारी शुभम जैन, दीपा जैन, पायल जैन, रानिका जैन, समग्र छीपीटोला एव ओल्ड ईदगाह कॉलोनी सकल जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। **रिपोर्ट : शुभम जैन**

# बैंड बाजो के साथ निकली अक्षत कलश शोभायात्रा



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

नसीराबाद। श्री राम प्राण प्रतिष्ठा उत्सव समिति के तत्वाधान में सोमवार को अयोध्या से आए हल्दी लगे अक्षतों की कलश शोभायात्रा ढोल-ढमाकों व बैंड-बाजों के साथ पांचदस नाम जूना अखाड़ा गुजरात के संत महामंडलेश्वर स्वामी सहजानंद गिरी के नेतृत्व में निकाली गई। अक्षत कलश शोभायात्रा रोडवेज बस स्टैंड स्थित श्री राम मंदिर से प्रारंभ होकर शहीद स्मारक, फ्रामजी चौक, हनुमान चौक व नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई गांधी चौक पहुंची। गांधी चौक से पुनः प्रारंभ होकर रामलीला चौक स्थित गणेश मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। जहां अक्षत कलश स्थापित किए गए। शोभायात्रा के दौरान महिलाएं अपने सिर पर अक्षत कलश लेकर चल रही थी। शोभायात्रा के समूचे मार्ग में कारपेट बिछाए गए व जगह-जगह पुष्पवृष्टि कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा के दौरान नगर में स्पीकरों पर भगवान राम से संबंधित भजन गूंज रहे थे। जिससे नगर का माहौल धर्ममय हो गया। इससे पूर्व अयोध्या से आए अक्षत कलशो का सर्व समाज के बंधुओं व माताओं द्वारा पूजन कर मस्तक पर धारण किया।